संख्या- 2066/[illegible]

प्रेषक,

श्री अशोक गांगुली,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र 2 सामुदायिक केन्द्र,
प्रीत विहार नई दिल्ली।

शिक्षा (7) अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 21 अगस्त, 1995

विषय:- मोहन लाल शाह बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मोहन लाल शाह बाल विद्या मन्दिर ~~नई दिल्ली~~ नैनीताल को सी०बी०एस०ई० नई दिल्ली से सम्बद्धता प्रदान किये जाने में राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबन्धों के अधीन आपत्ति नहीं है :-

(1) विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।

(2) विद्यालय की प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा।

(3) विद्यालय में कम से कम दस प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से/बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय को सम्बद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/काउंसिल फार दि इंडियन स्कूल सर्टीफिकेट एक्जामिनेशन्स नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा परिषदों से सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता व राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगी।

(5) संस्था शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राज्य के सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्ते से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

(6) कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

Manager
M.L. Sah Bal Vidya Mandir
Nainital

Principal
M.L.Sah Bal Vidya Mandir
NAINITAL

(7) राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, संस्था उसका पालन करेगी ।

(8) विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा

(9) उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन या परिवर्धन नहीं किया जायेगा ।

2- प्रतिबन्ध यह भी होगा कि सम्बद्धता दिये जाने के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाय कि -

(1) विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापक/अध्यापिकायें प्रशिक्षित तथा अर्ह हैं ।

(2) कार्यरत अध्यापिकाओं को मानकानुरूप निर्धारित वेतन बैंक के माध्यम से दिया जा रहा है ।

(3) विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा नियमावली सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली की प्रकाशित नियमावली के अनुरूप बनाई गई है ।

(4) पंजीकरण तथा काशनमनी के निषिद्ध मद में कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है ।

3- उक्त प्रतिबन्धों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबन्धों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा ।

भवदीय,

(अशोक [illegible])
उप सचिव ।

पृ0सं0 811/15-7-1995 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2- मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक कुमायूं मण्डल नैनीताल ।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक नैनीताल ।
4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0 लखनऊ ।
5- प्रबन्धक, मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल ।

Manager
M.L. Sah Bal Vidya Mandir
Nainital

Principal
M.L.Sah Bal Vidya Mandir
NAINITAL